


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-203- ● कटनी ● गुरुवार, 26 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# 3 हजार में एक बोतल पानी, 7500 रुपये में मिल रहा एक प्लेट चावल

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबानी कब्जे के बाद से आए दिन हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि लोग बिना सामान लिए देश छोड़कर भाग रहे हैं। वहीं काबुल एयरपोर्ट पर पहुंच रहे लोगों के लिए भी विकट स्थिति खड़ी हो गई है। जानकारी के मुताबिक लोग यहां महंगे भोजन और पानी की वजह से भूखे-प्यासे रहने को मजबूर हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार काबुल एयरपोर्ट पर एक पानी की बोतल 40 डॉलर यानी 3000 रुपये में मिल रही है। जबकि चावल की एक प्लेट के लिए 100 डॉलर यानी लगभग 7500 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं एयरपोर्ट पर पानी या खाना कुछ भी खरीदना हो, यहां अफगानिस्तान की अपनी करेंसीभी नहीं ली जा रही। सिर्फ डॉलर में ही भुगतान स्वीकार किए जा रहे हैं। ऐसे में अफगानी नागरिकों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इतनी महंगाई के कारण लोग भूखे-प्यासे कतार में लग जा रहे हैं। सबसे मुश्किल हालात में बच्चे पड़ गए हैं जो भूख और प्यास के कारण बेहोशी की हालत में पहुंच रहे हैं। हालांकि इन लोगों का हौसला अब टूटने लगा है। शरीर ने जवाब देना शुरू कर दिया है। अधिकतर लोग खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक काबुल एयरपोर्ट के बाहर अब भी 50 हजार से ज्यादा लोग इंतजार कर रहे हैं। इस वजह से यहां इतना भयानक जाम लगा हुआ है कि एयरपोर्ट तक पहुंचना नामुमकिन सा काम है। बड़ी संख्या में लोग रनवे पर जमा हो गए हैं जो किसी भी तरह से अफगानिस्तान से बाहर निकलना चाहते हैं। ये लोग उन भाग्यशाली लोगों में से थे




जिन्हें हवाई अड्डे के अंदर जाने की अनुमति दी गई। एयरपोर्ट के बाहर हालात और भी बुरे हैं जहां हजारों लोग अंदर जाने का इंतजार कर रहे हैं। एयरपोर्ट की दीवार के एक तरफ जहां उम्मीद और खुशी है, वहीं दूसरी तरफ बेबसी और बदहाली है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस भारी भीड़ में किसी को भी कोरोना वायरस के संक्रमण का डर नहीं है। सिर्फ तालिबानी आतंकियों से ही डर है।



## गरीबी दिखा रहे पत्रकार की बेसुध पिटाई

अफगानिस्तान में तालिबान शासन की क्रूरता अब सामने आने लगी है। देश में गरीबी पर रिपोर्टिंग कर रहे एक पत्रकार ने तालिबानी आतंकियों ने जमकर पीटा। मिली जानकारी के मुताबिक अफगानिस्तान के चर्चित समाचार चैनल टोलो न्यूज के एक पत्रकार जियार याद को सरेआम खूब पीटा गया। पहले ऐसा खबर आई थी कि कि जियार याद की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है, लेकिन अब टोलो न्यूज ने खुद पुष्टि की है कि जियार याद की हत्या नहीं हुई है, वह जीवित है, लेकिन बुरी तरह से पीटे जाने के कारण घायल अवस्था में है।

## क्विक अपडेट



### भारत में ड्रोन का इस्तेमाल करना हुआ आसान

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार को ड्रोन उद्योग के लिए नए नियमों की अधिसूचना जारी कर दी। इस साल जुलाई में घोषित नए ड्रोन नियम 2021, मानव रहित विमान प्रणाली नियम 2021 की जगह लेंगे। नए नियमों के मुताबिक, भारी पेलोड ले जाने वाले ड्रोन और ड्रोन टैक्सियों को शामिल करने के लिए वजन क्षमता 300 किलोग्राम से बढ़ाकर 500 किलोग्राम कर दी गई है। साथ ही अब किसी भी तरह का लाइसेंस जारी करने से पहले सुरक्षा मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगा।

### निलंबित एडीजी जीपी सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**रायपुर।** निलंबित आईपीएस जीपी सिंह को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईपीएस की गिरफ्तारी पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। कोतवाली में दर्ज राजद्रोह के मामले में जीपी सिंह को यह राहत दी गई है। बता दें कि इधर मामले में रायपुर कोर्ट ने फरारी साक्ष्य कोतवाली पुलिस थाना मांगे थे। पुलिस ने कोर्ट में साक्ष्य पेश किए थे, इसके बाद कोर्ट को जीपी सिंह की फरारी के बारे में निर्णय लेना था।।

### सांसद एवं एक्ट्रेस नुसरत जहां बनीं मां, दिया बेटे को जन्म

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद और बंगाली एक्ट्रेस नुसरत जहां मां बन गई हैं। उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में बेटे को जन्म दिया है।नुसरत जहां को 25 अगस्त की रात कोलकाता के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खबरों की मानें तो एक्टर यश दासगुप्ता उन्हें अस्पताल लेकर आए थे। सोशल मीडिया पर नुसरत को फैंस बधाई दे रहे हैं। पिछले दिनों तृणमूल सांसद और बंगाली अभिनेत्री नुसरत जहां की तस्वीरें सामने आई थीं। इनमें वे प्रेग्नेंट दिख रही थीं। लेकिन उनसे अलग हो चुके पति निखिल जैन का कहना था कि ये बच्चा उनका नहीं है क्योंकि वो लंबे समय से नुसरत के साथ नहीं रह रहे हैं।

# अफगानिस्तान पर सर्वदलीय बैठक
# कांग्रेस बोली- हम सरकार के साथ

### अफगानिस्तान में हालात अच्छे नहीं, लोगों को जल्द से जल्द निकालना जरूरी

**नई दिल्ली।** अफगान संकट पर चल रही सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान में हालात अच्छे नहीं हैं। जितनी जल्दी हो सके लोगों को वहां से निकालना जरूरी है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। इधर कांग्रेस ने कहा कि संकट में कांग्रेस सरकार के साथ है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला द्वारा अफगानिस्तान संकट पर अहम जानकारी दी गई। इसके बाद सभी राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा सवाल पूछे जा रहे हैं और सुझाव दिए गये। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस बैठक में भाग लिया है। वहीं तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए हैं। अफगानिस्तान संकट पर होने वाली अहम बैठक में भारत सरकार की तरफ से विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रहलाद



जोशी भी मौजूद थे। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के लिए कई बड़े नेता संसद पहुंच चुके हैं। इनमें एनके प्रेमचंद्रन, लल्लन सिंह, बिनय विश्वम और प्रसन्ना आचार्य शामिल हैं। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी पहुंच चुके हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य नेता भी बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं। इसके साथ ही इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राजनीतिक पार्टियों के संसदीय दलों के नेताओं को अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति से अवगत कराएंगे। इसकी जानकारी संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक ट्वीट के माध्यम से दी थी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा था कि राजनीतिक पार्टियों के संसदीय दलों के नेताओं को विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर द्वारा अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति के बारे में 26 अगस्त, सुबह 11 बजे मुख्य समिति कक्ष, संसद भवन सौंध, नई दिल्ली में जानकारी दी जाएगी।




## जोधपुर में भूकंप के झटके लोगों में दहशत

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह 11=15 बजे भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग घरों से बाहर निकल गए। रिक्टर स्केल में भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, राजस्थान के जोधपुर से 106 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम में भूकंप का केंद्र था। हालांकि, इस दौरान किसी तरह के हताहत होने की खबर नहीं है।



## मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का शुभारंभ

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मिंटो हाल में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ किया। इस दौरान इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यार्थियों को सीड मनी का वितरण किया गया। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम शिवराज ने सफलता के सोपान पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डा मोहन यादव भी उपस्थित रहे।

## चुनाव के बाद हिंसा मामले में कार्रवाई सीबीआई ने दर्ज किए नौ मामले

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा मामले में गुरुवार को सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नौ मामले दर्ज किए हैं। समाचार एजेंसी नेसूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार सीबीआई की सभी चार इकाइयां कोलकाता से अपने दलों को संबंधित अपराध स्थलों पर भेज रही हैं। सूत्रों ने आगे बताया कि कुछ और मामले दर्ज किए जाने की प्रक्रिया में हैं और उनमें से कुछ मामले राज्य सरकार ने सौंपे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने इस साल की शुरुआत में पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद कथित दुष्कर्म और हत्या के मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी है।बता दें कि इससे पहले 19 अगस्त को कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बड़ा झटका देते हुए चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

## आज 38 करोड़ लोगों को मोदी सरकार देगी तोहफा

**नई दिल्ली।** असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत देश के करोड़ों कामगरों को आज मोदी सरकार बड़ा तोहफा देगी। सरकार कामगरों के हितों को ध्यान में रखते हुए ई-श्रम पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। सरकार यह पोर्टल आज ही लॉन्च करेगी। लॉन्च के बाद श्रमिक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। यह मजदूरों का डाटाबेस होगा। इसकी मदद से सरकार सोशल सिक्योरिटी स्कीमों को उनके दरवाजे पर तक पहुंचाएगी। इससे पहले केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र



यादव ने ई-श्रम पोर्टल का लोगो लॉन्च किया था। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंदर यादव ने कहा था कि यह हमारे राष्ट्र निर्माताओं, हमारे श्रम योगियों का राष्ट्रीय डाटाबेस होगा। सरकार का लक्ष्य अपनी सोशल सिक्योरिटी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। इसी के लिए अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर के 38 करोड़ वर्करों का नेशनल डाटाबेस यानी ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया जा रहा है। इस डाटाबेस में मजदूर, प्रवासी मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार, कंस्ट्रक्शन वर्कर, गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर, खेतीहर मजदूर और असंगठित क्षेत्र के दूसरे वर्कर रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

## केंद्रीय मंत्री राणे की तबीयत बिगड़ी

**मुंबई।** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के मामले में जमानत पर रिहा हुए केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की तबीयत गुरुवार को अचानक बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बता दें कि राणे ने हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लेकर एक बयान दिया था। उन पर एफआईआर दर्ज की गई थी।



## छत्तीसगढ़ से आए हाथियों ने अनूपपुर में सो रहे तीन लोगों को पटक कर मार डाला

**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ से भटक कर आए जंगली हाथियों ने जिले के बेलगांव में जंगल के समीप एक झोपड़ी में सो रहे परिवार के तीन सदस्यों को पटक-पटक कर मार डाला। मृतकों में वृद्ध दादा-दादी और 6 वर्ष का पोता शामिल है। गुरुवार सुबह ग्रामीणों को घटना का पता चला। वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पहुंच चुके हैं। यह मामला बिजुरी वन परिक्षेत्र एवं कोतमा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलगांव के पतेरा टोला का है। वन अधिकारियों के मुताबिक यह घटना बुधवार देर रात करीब डेढ़ से दो बजे की है। जानकारी के अनुसार मृतकों में गया प्रसाद पिता नोहर शाह केवट 55 वर्ष, मुन्नी बाई पति गया केवट 52 वर्ष और राजकुमार पिता पवन केवट 6 वर्ष है। सभी एक साथ झोपड़ी में थे साथ में उनका पोता राजकुमार भी था।

# सीएम शिवराज बोले-पीएम नरेन्द्र मोदी संकटमोचक

### टीकाकरण महाअभियान के दूसरे चरण में करीब 4 लाख लोगों को टीका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान के दूसरे चरण में आज सुबह 12 बजे तक 3 लाख 68 हजार 586 लोगों को कोविड वैक्सीन का दूसरा डोज लग चुका है। प्रदेशभर में टीकाकरण जारी है, आज 10 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को अभियान के पहले दिन 20 लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें रिकार्ड तोड़ते हुए 23 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सील लगवाई गई। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 25 और 26 अगस्त, दो दिन टीकाकरण का




महाअभियान चलाने का निर्णय किया था। वे स्वयं इससे जुड़ी तैयारियों की प्रतिदिन समीक्षा करते रहे। प्रभारी मंत्रियों को जिलों में तैनात किया और आपदा प्रबंधन समितियों को टीकाकरण के लिए प्रदेशवासियों को प्रेरित करने का जिम्मा सौंपा। इस रणनीति का असर यह हुआ कि प्रदेश में टीकाकरण का नया कीर्तिमान बन गया।

### मोदी जी और मध्य प्रदेश को धन्यवाद - शिवराज

शिवराज सिंह ने कहा कि हमारे वैश्विक नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में कोरोना संक्रमण रोकने में सफलता मिली है। हमारी कोशिश है कि तीसरी लहर की नौबत न आए। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता और सक्रियता का ही परिणाम है कि इतने कम समय में भारत ने दो कोरोना वैक्सीन विकसित की। आज देश में विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, अब तक देश में 60 करोड़ से अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। सच में प्रधाननमंत्री संकट मोचक हैं। मैं आभार व्यक्त करता हूं।

## नहीं बरसे बदरा तो आधे प्रदेश पर गहरा सकता है सूखे का खतरा

**भोपाल।** अगस्त माह बीतने को पांच दिन शेष हैं। वर्तमान में ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों को छोड़कर मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश की दरकार है। विशेषकर 14 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक यदि 10 दिन के अंदर अच्छी बारिश नहीं हुई तो प्रदेश के आधे जिलों में सूखे का संकट छा सकता है। हालांकि, उनका कहना है कि 27-28 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इससे बारिश का एक और दौर शुरू हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक मप्र में सीजन की कुल 685.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। यह सामान्य बारिश (708.7मिमी.) की तुलना में तीन फीसद कम



है। मौसम विज्ञान केंद्र के के अनुसार सीजन में अभी तक बंगाल की खाड़ी में पांच सिस्टम बने इनमें से पिछले दिनों कम दबाव का क्षेत्र लगभग 10 दिन तक गुना और ग्वालियर के बीच स्थिर रहा। जिसके चलते ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में बाढ़ की स्थिति बन गई थी। एक भी वेदर सिस्टम प्रदेश के मध्य से होकर नहीं गुजरा। इससे अपेक्षित बारिश नहीं हुई। विज्ञान केन्द्र के मुताबिक वर्तमान में 14 जिलों में 20 से 45 फीसद तक कम बारिश हुई है। साथ ही 16 जिलों में भी हालात ठीक नहीं हैं। यदि 10 दिन में अच्छी बरसात नहीं होती है, तो प्रदेश के आधे जिलों में सूखे की आशंका बढ़ जाएगी। हालांकि, बंगाल की खाड़ी में 27-28 अगस्त को एक कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत मिले हैं। इस सिस्टम के असर से बारिश का एक और दौर शुरू होने के आसार हैं।




# सावधान WhatsApp का यह नया वर्जन खतरनाक, लग सकती है पैसे पर सेंध

**टेक डेस्क।** व्हाट्सएप दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला मल्टीमीडिया इंस्टैंट मैसेजिंग एप है। अकेले भारत में ही व्हाट्सएप को करीब 55 करोड़ लोग इस्तेमाल करते हैं। व्हाट्सएप पर आए दिन तमाम तरह के मैसेज भेजे और प्राप्त किए जाते हैं। व्हाट्सएप को एंड्रॉयड फोन में गूगल प्ले-स्टोर और आईफोन में एपल के एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है, लेकिन इन दोनों के अलावा कई अन्य सोर्स भी हैं जहां से व्हाट्सएप डाउनलोड किया जा रहा है। तीसरे सोर्स को तकनीकी भाषा में थर्ड पार्टी सोर्स कहा जाता है और इन सोर्स से किसी भी एप को डाउनलोड करना हमेशा खतरनाक होता है। अब व्हाट्सएप के एक नया वर्जन खूब वायरल हो रहा है जिसे किसी थर्ड पार्टी सोर्स या ड्डश्चद्म फाइल के जरिए लोग अपने फोन में इंस्टॉल कर रहे हैं। इस नए वर्जन का नाम FMWhatsApp है, लेकिन यह आपके लिए बहुत खतरनाक है।




आइए जानते हैं क्यों और इससे बचने का तरीका क्या है? सबसे पहली बात जो आपके लिए जानना जरूरी है, वह यह है कि व्हाट्सएप के इस नए वर्जन का नाम एफएम व्हाट्सएप है जो कि व्हाट्सएप के असली एप का एक मोडिफाइड वर्जन है। इस एप को लोग एपीके या किसी थर्ड पार्टी सोर्स से डाउनलोड कर रहे हैं। एफएम व्हाट्सएप के जरिए व्हाट्सएप के डिलीट हुए मैसेज को भी पढ़ने का दावा किया जा रहा है। एफएम व्हाट्सएप फिलहाल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए ही उपलब्ध है और यह फोन आपके स्मार्टफोन को पूरी तरह से कंट्रोल कर सकता है और आपकी मर्जी के बिना आपके फोन में सारे काम कर सकता है। यह एप आपके बैंक अकाउंट को भी खाली कर सकता है। साइबर सिक्योरिटी फर्म कास्परस्काई ने वॉट्सएप के इस मॉडिफाइड वर्जन FMWhatsApp 16.80.0 को लेकर लोगों को आगाह किया है। इस एप में कुछ ऐसे फीचर्स दिए गए हैं जो वास्तविक एप में नहीं हैं। कास्परस्काई के मुताबिक एफएम व्हाट्सएप में ट्रोजन वायरस मौजूद है और इसके साथ एक एडवरटाइजिंग सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट भी मौजूद है। ये दोनों मिलकर यूजर्स के फोन की डिवाइस आईडी, सब्सक्राइबर आईडी, MAC एड्रेस आदि को इकट्ठा करते हैं और डेवलपर के रिमोर्ट सर्वर पर भेज देते हैं। ये दोनों मैलवेयर आपके मैसेज को पढ़ते हैं, गैलरी की फोटो-वीडियो को देखते हैं और अन्य एप की चैटिंग पर भी पूरी तरह से नजर रखते हैं। ये आपको फालतू के विज्ञापन भी दिखाते हैं जिनके जरिए लोगों से पैसे वसूले जाते हैं।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# प्लांट के शुरु होते ही मरीजों को नहीं होगी ऑक्सीजन की कमी

## सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण, 200 एलपीएम क्षमता के निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट का लिया जायजा





### विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए जा रहे प्रयास की प्रभारी मंत्री ने की सराहना

**कटनी।** सरकार हर व्यक्ति की चिंता कर रही है। कोरोना काल में मुख्यमंत्री दिन रात काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में आक्सीजन प्लांट का काम पूर्णता की ओर है और जल्द ही यहां भर्ती होने वाले मरीजों को ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी। प्रदेश के वित्त और जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में निर्माणाधीन 200 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। प्रभारी मंत्री ने पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक श्री पाठक शासन स्तर से विजयराघवगढ़ की जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का प्रयास तो कर रहे हैं, अपनी ओर से भी श्री पाठक ने स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जो सराहनीय हैं। इससे पहले प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने विधायक श्री पाठक के साथ सिविल अस्पताल में निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सिविल अस्पताल का भी निरीक्षण किया और सुविधाएं देखीं।



साथ ही वेक्सिनेशन महाअभियान के तहत अस्पताल परिसर में स्थापित टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर लोगों से संवाद किया और लोगों से वैक्सीन के दोनों डोज अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष गंगाराम चौधरी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### संयुक्त तहसील भवन को देखकर हुए प्रसन्न

प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने विधायक श्री पाठक के साथ विजयराघवगढ़ में नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एक ही स्थान पर सभी व्यवस्थाओं को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि एक ही स्थान पर सभी काम होने से लोगों की परेशानी कम होगी। उन्होंने कहा कि यह बेहतर प्रयास है और इसका लाभ लोगों को मिलेगा। संयुक्त तहसील भवन को लेकर भी प्रभारी मंत्री ने क्षेत्रीय विधायक श्री पाठक के प्रयास की सराहना की।

### जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा और विधायक श्री पाठक के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र आगमन पर लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। विधानसभा क्षेत्र के भैंसवाही, हरदुआ, देवराकलां, जिजनौड़ी मोड़ पर उपस्थितजनों ने प्रभारी मंत्री व विधायक का पुष्पहारों से स्वागत व सम्मान किया। विजयराघवगढ़ पहुंचने पर भी स्वागत किया गया।



## करौंदीकला में वालंटियरों का किया सम्मान

**कटनी।** प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान को लेकर जिले के बरही तहसील क्षेत्र पहुंचे और क्षेत्रीय विधायक संजय सतेन्द्र पाठक के साथ केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। बरही के मंगल भवन में बनाए गए वैक्सीन सेंटर के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने वैक्सीनेशन कराने आए लोगों से चर्चा भी की। प्रथम डोज लगवाने आए लोगों से श्री देवड़ा ने कहा कि आप निर्धारित समय पर दूसरा डोज अवश्य लगवाएं। बरही के बाद प्रभारी मंत्री व विधायक करौंदीकला ग्राम पंचायत भवन में बनाए गए केन्द्र पहुंचे और लोगों से चर्चा कर टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। करौंदीकला में केन्द्र में सेवाएं दे रहे वालंटियरों को प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा और विधायक श्री पाठक ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री व विधायक ने मंच से लोगों से गांव में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराते हुए कोरोना महामारी से बचाव की बात कही।

## मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे पटवारी

### पटवारियों ने कहा-जब तक मांगे पूरी नहीं होती, तब तक जारी रहेगी हड़ताल

**कटनी।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 16वें दिन भी जारी रही। संघ के जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पटवारियों की मांगों को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब तक मांगे पूर्ण नहीं होती तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। पटवारी संघ की मुख्य मांगों में ग्रेड पे 2100 से 2800 किया जाए। समयमान वेतनमान में पदक्रम अनुसार सुधार किया जाए। दूरदराज पदस्थ पटवारियों का गृह जिले में स्थानांतरण किया जाए। सीपीसीटी की परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए शामिल है। 16वे दिन हड़ताल में जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल, अमित कनकने, अनुज दाहिया, अशोक बागरी, दिग्विजय सिंह, गुलजारी कोल, तेजभान पाल, अमित श्रीवास्तव, आनंद कुमार डेहरिया, ब्रजबिहारी पाठक, कमलेश्वर प्रसाद, संजय कुमार बैन, विवेक बहरे, प्रीतम दाहिया, मनोज पाण्डेय, सुमित डाबर, प्रकाश गुप्ता, पवन पटेल, प्रीतेष गुप्ता, अनंत कुमार गुप्ता, मोहम्मद नाजिर, अषोक श्रीवास्तव, गजेन्द्र सिह, दुर्गा दाहिया, भूपेन्द्र पटेल, विनित सिंह बघेल, राजकुमार गौतम, नंदलाल ताम्रकार, अनिल कुमार श्यामा चरण शुक्ला, नितेष पाण्डेय, लालमन कोल, ज्ञानेश्वर तिवारी, रविन्द्र तिवारी, दीपमाला यादव, शुभ्रलता सोनी, राबिया बानो, प्रतिभा मिश्रा, निषाद बेगम, पूजा द्विवेदी, अजिता गौतम, आदि पटवारियों

# तेजी से कराया जाए सुरखी डेम के सौंदर्यीकरण का कार्य



### प्रभारी मंत्री ने लिया विकास कार्यों का जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**कटनी।** शहर के नजदीक यह एक बेहतर स्थान है और इसके सौंदर्यीकरण से लोगों को घूमने व परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा स्थान मिलेगा। डेम में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों में गति लाएं और इसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने सुरखी डेम के उन्नयन और विकास के लिए कराए जा रहे कार्यों के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दिए। उन्होंने कहा कि डेम शहर के नजदीक है और चारों ओर सौंदर्यीकरण होने से यहां पर पर्यटन बढ़ेगा और लोगों को शांत वातावरण में परिवार के साथ समय गुजारने का स्थान मिलेगा। इससे पहले मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने सुरखी डेम के सौंदर्यीकरण व उन्नयन कार्य को लेकर मुख्यमंत्री जी के प्रवास के दौरान की गई घोषणा से भी प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। विधायक श्री जायसवाल ने बताया कि खनिज प्रतिष्ठान मद से डेम को सुंदर बनाने और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का कार्य किया जा रहा है।





# वैक्सीन की दोनों डोज लेना जरूरी

**कटनी।** विजय यह आपका पहला डोज है। जब आप निर्धारित समय पर कोविद वेक्सीन का दूसरा डोज लगवाएंगे, तभी सुरक्षा चक्र पूरा हो पाएगा। आप वैक्सीन का दूसरा डोज अवश्य लगवाएं विजय जी। जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने बड़वारा के मझगवां टीकाकरण केन्द्र के निरीक्षण के समय संवाद के दौरान यह बात युवक से कही। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने टीकाकरण केन्द्र में मौजूद लोगों से कहा कि पहला डोज लगवाने आए लोग दूसरा डोज अवश्य लगवाएं। साथ ही उन्होंने लोगों को कहा कि अपने परिवार के अलावा आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें ताकि वे भी टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर सुरक्षा कवच लें। प्रभारी मंत्री कोविड वैक्सीनेशन के तहत चलाए जा रहे दो दिवसीय महाअभियान को लेकर प्रवास पर कटनी पहुंचे थे और लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने व व्यवस्थाएं देखने केन्द्र पहुंचे थे। मझगवां केन्द्र के बाद प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा बड़वारा ब्लाक मुख्यालय पहुंचेए जहां पर उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। बड़वारा केन्द्र में भी टीकाकरण कराने आए लोगों से संवाद किया और अधिक से अधिक लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने की अपील भी की। उन्होंने लोगों से कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम खुद टीका लगवाएं और अपने आसपास के लोगों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। बड़वारा में भी वैक्सीनेशन के लिए चलित मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही केन्द्र परिसर में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट में पहुंचकर उन्होंने सेल्फी भी ली। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि शहडोल पद्मेश गौतम, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मयंक अवस्थी सहित अन्य जन मौजूद थे।

## बैग गुमा

सूचित किया जाता है कि मैं **23.08.2021** अपने चार्टेड अकाउंटेंट के पास जा रहा था, घंटाघर के पास में किसी कारणवश रूक कर किसी से मिलने चला गया पांच मिनट बाद लौटने पर मेरे समस्त दस्तावेजों से भरा बैग जो काले रंग का था मेरी स्कूटर से गायब हो गया था और उस बैग में फर्स्ट स्टेप एकेडमी स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। उसके बाद उन्हें मैंने काफी खोजबीन की पर वह नहीं मिला है। उपरोक्त दस्तावेजों के किसी भी दुरुपयोग से बचने के लिये के लिए यह सूचना दे रहा हूं। जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करें।

**भवदीय**
**अनिल कुमार लालवानी वल्द डॉ. जी.डी. लालवानी उम्र 47 वर्ष**
**निवासी नई बस्ती, संत नगर, सावरकर वार्ड, कटनी (म.प्र.)**
**मो. 9752061293, 9826946779**

## किराये से देना है

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

# परिवार का कोई भी व्यक्ति टीकाकरण से वंचित न रहे





**कटनी।** कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत नगर के चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में आयोजित होने वाले टीकाकरण महा अभियान में प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणव पाण्डेय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों, अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में चिन्हित आदर्श टीकाकरण केन्द्रों महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित पुरानी कचहरी, तिलक कॉलेज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पूर्व प्रभारी मंत्री द्वारा टीकाकरण केन्द्र में दीप प्रज्जवलन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यापर्ण के उपरान्त टीकाकरण स्थल पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं हुए प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य को टीकाकरण करानें की अपील की।



आदर्श टीकाकरण केन्द्र पहुंचे प्रभारी मंत्री

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुए टीकाकरण कार्य प्रारंभ कराया। प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा टीकाकरण केन्द्र में उपस्थित नागरिकों को मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाये जा रहे कोविड टीकाकरण महाअभियान के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में महाअभियान का अधिक से अधिक प्रचार किया किया जाकर शत प्रतिशत नागरिकों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करनें के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने उपस्थितजनों से स्वयं का टीकाकरण करानें तथा अपनें आसपास के परिचितों को टीकाकरण करानें हेतु प्रेरित करते

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित

## एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर

(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी

अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | ह्दय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

## एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

# टीकाकरण को लेकर दिखा उत्साह

## केन्द्रों में दिखी कतारें, टीका लगवाकर लोगों ने पाया अपना सुरक्षा कवच, मोबाइल वेन एवं ड्राइव इन वैक्सीनेशन की भी मिली सुविधा



**कटनी।** कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत दो दिवसीय टीकाकरण के तहत पहल दिन दिवस 25 अगस्त को नगर के चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों सहित मोबाईल वेन, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड एवं झिझरी पुलिस ग्राउण्ड में नागरिकों की सुविधा को दुष्टिगत रखते हुए टीकाकरण महाअभियान का आयोजन किया गया। केन्द्रों में टीकाकरण कराने वाले नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रों एवं आसपास पहुंच मार्गों की साफ सफाई कीटनाशक दवा का छिड़काव, बैठक व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या मे कुर्सी टेबिल सहित पेयजल, प्रकाश व्यवस्था पंडाल शामियाना आदि की सुविधांए उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित जिले के विरष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, उपायुक्त अशफाक परवेज द्वारा निरंतर टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया जाकर निगम के गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए।

### दो मोबाईल वेन से किया टीकाकरण

नगारिकों की सुविधा हेतु दो मोबाइल वेन मोबाईल वेन क्रमांक 1 से शहरी क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी नर्मदेश्वर मंदिर, चांडक चौक स्थित स्वर्णकार धर्मशाला तथा मोबाईल वेन क्रमांक 2 के माध्यम से उपनगरीय क्षेत्रों दुर्गा चौक खिरहनी एवं आसपास के विभिन्न स्थलों में पहुंचकर नगारिकों को टीकाकरण की सुविधा प्रदान की गई। शाम 6:45 तक मोबाईल वेन क्रमांक 1 से 180 तथा मोबाईल वेन क्रमांक ,2 से 346 नागरिकों को वेक्सीनेशन का कार्य कराया गया।

### ड्राईव इन वैक्सीनेशन से लगाई वैक्सीन की डोज

नगर में वाहनों से आवागमन करनें वाले नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के दो स्थलों फारेस्टर प्लेग्राउण्ड एवं पुलिस ग्राउण्ड झिंझरी में टेंट एवं कम्प्यूटर टेबिल की व्यवस्था कराई जाकर वाहनों से आनें वाले नागरिकों को वाहनों के अंदर बैठकर ही टीकाकरण करानें की सुविधा प्रदान की गई।शाम 7 बजे तक फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में लगभग 272 व्यक्तियों तथा पुलिस लाईन झिंझरी में 242 लोगों ने पहुंचकर मोबाईल इन वेक्सीनेशन की सुविधा का लाभ प्राप्त कर टीकाकरण कराते हुए अपना अपना सुरक्षा चक्र प्राप्त किया।

### नागरिकों को टीकाकरण हेतु किया गया प्रेरित

टीकाकरण महाअभियान का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निगम के वाहनों के माध्यम से नगर के विभिन्न मार्गो में मुनादी सहित नगर के सार्वजनिक स्थलों तिराहों चौराहों में टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी संबंधी एनाउन्समेंट का कार्य कराया जाकर नागरिकों को टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर टीकाकरण का लाभ प्राप्त करनें की अपील की गई। टीकाकरण केन्द्रों में नियुक्त दल के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों को प्रेरित करते हुए नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में पहुचंकर टीकाकरण करानें की अपील की गई।

### बांधा के दिव्यांग धर्मेन्द्र ने अपनाया सुरक्षा चक्र

कोविड से बचाव को लेकर टीके के दोनों डोज जरूरी हैं। प्रदेश के साथ जिले में भी दो दिन का वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पहले दिन ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। केन्द्रों में सुबह से वैक्सीन लगवाने वालों की भीड़ रहीं तो वैक्सीनेशन कराने में दिव्यांगता भी आड़े नहीं आई। ग्राम पंचायत बांधा में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर में अस्थि बाधित दिव्यांग 24 वर्षीय धर्मेन्द्र पिता सुरेन्द्र कुशवाहा उत्साहपूर्वक पहुंचे और उन्होंने वैक्सीन की प्रथम डोज लगवाई। वैक्सीनेशन के बाद धर्मेन्द्र ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से लड़ने के लिए सरकार प्रयासरत है और हमारा भी दायित्व है कि हम वैक्सीन के दोनों डोज लें ताकि हमए हमारा परिवार और समाज सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि वैक्सीन को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति न पालें और जीवन रक्षा के लिए कोविड वैक्सीनेशन का सुरक्षा चक्र अपनाएं। धर्मेन्द्र ने गांव के अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लगवाने की भी अपील की।



### मां के साथ वैक्सीन लगवाने पहुंचे मानसिक दिव्यांग पवन

कोरोना महामारी से बचाव के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान का हिस्सा बनने लोग उत्साहित हैं। बरयारपुर गांव के वैक्सीनेशन सेंटर में मानसिक दिव्यांग पवन राजवर पिता गंगाराम राजवर 22 वर्ष को उनकी मां उमेदा बाई राजवर लेकर पहुंची और टीके का पहला डोज लगवाया। पवन की मां का कहना था कि उनका बेटा खुद से चलकर टीकाकरण कराने नहीं आ सकता इसलिए वे उसे लेकर आई हैं। वहीं उमेदा ने कहा कि उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाया है और उनका बेटा भी इस महामारी से सुरक्षित रहे, इसको लेकर उसे वे पहला डोज लगवाने आई हैं और निर्धारित तिथि में दूसरा डोज लगवाकर उसका जीवन कोविड से सुरक्षित करेंगी। उल्लेखनीय है कि महाअभियान में अधिक से अधिक वैक्सीनेशन कराने के उद्देश्य से प्रशासकीय अमला लगातार प्रचार-प्रसार करने में जुटा है। जिसके अभियान के पहले दिन उत्साहित करने वाले परिणाम देखने को मिले हैं और उसी के चलते लोग बड़ी संख्या में केन्द्रों तक टीका लगवाने पहुंचे।



### पहले दिन 36 हजार 656 नागरिकों ने कराया वेक्सीनेशन

कोविड वेक्सीनेशन महाअभियान 2 के तहत बुधवार को जिले के 126 टीकाकरण केन्द्रों में वेक्सीनेशन हुआ। जिले के नागरिकों में वेक्सीनेशन को लेकर खासा उत्साह नजर आया। शाम 6 बजे तक जिले के 36 हजार 656 पात्र नागरिकों ने कोविड वेक्सीनेशन कराते हुये अपना सुरक्षा कवच पाया। कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल रुम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर शाम 6 बजे तक कटनी शहरी क्षेत्र में 5 हजार 907 लोगों ने अपना टीकाकरण कराया। इसी प्रकार बड़वारा क्षेत्र में 2 हजार 87, बहोरीबंद क्षेत्र में 5 हजार 883, बरही क्षेत्र में 2 हजार 99, उमरियापान क्षेत्र में 4 हजार 647, कन्हवारा क्षेत्र में 4 हजार 833, रीठी क्षेत्र में 3 हजार 161 और विजयराघवगढ़ क्षेत्र में 5 हजार 348 लोगों ने टीकाकरण कराया है। टीकाकरण का कार्य जिले में अभी सतत् रुप से जारी है।

# तैयारियों की समीक्षा कर दिये निर्देश

**कटनी।** 15 टीकाकरण केन्द्रों सहित मोबाईल वेन एवं दो स्थलों पर ड्राईव इन वेक्सीनेशन की सुविधा के साथ आयोजित वेक्सीनेशन महाअभियान में निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं की तैयारियों हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की जाकर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिश निर्देश प्रदान किये । कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के तहत तीन आदर्श वैक्सीनेशन केन्द्र बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, पुरानी कचहरी कटनी एवं तिलक कॉलेज में 3 प्रभारियों एवं 24 सहयोगी कर्मचारियों का दल गठित किया जाकर वार्ड में भ्रमण कर, जिनका वैक्सीनेषन नहीं हुआ है उन्हे प्रेरक के माध्यम से प्रेरित करते हुए वेक्सीनेषन केन्द्र में पहुंचाकर उनका वेक्सीनेषन कराने एवं टीकाकरण केन्द्र की संपूर्ण व्यवस्थाओं के दायित्व सौपे गए है।

महाअभियान के तहत कोविड-19, द्वितीय डोज हेतु चिन्हित तीन वैक्सीनेश्न केन्द्र जालपा देवी वार्ड सामुदायिक भवन, जगमोहन दास वार्ड स्थित सेवा भारती, सरस्वती स्कूल तथा राजीव गांधी वार्ड स्थित शेरावाली मंदिर धर्मशाला अशोक कॉलोनी, में भी केन्द्रों के प्रभारी नियुक्त किये जाकर वैक्सीनेशन केन्द्रों में द्वितीय डोज के निर्धारित लक्ष्यों की शत् प्रतिशत प्राप्ति सुनिष्चित करनें हेतु निर्देशित किया गया है। महाअभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी टीकाकरण केन्द्रों, आदर्श केन्द्रो, मोबाईल वेन, ड्राइव इन में नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा आवष्यक व्यवस्थाओं हेतु निगम के नियुक्त प्रभारियों को दायित्वों सौंपा गया है। टीकाकरण केन्द्रों हेतु फूलमाला, बुके, अगरबत्ती, मूर्ति, पानी के कंटेनर, पानी पीने की व्यवस्था, रजिस्टर, होर्डिग्स, फलैक्स, प्रवेश द्वार, सेल्फी बोर्ड, स्वल्पाहार, दीप प्रज्जवलन, टीकाकरण केन्द्र पहुंच मार्ग के संकेतक लगवाने तथा आवष्यक सामग्री समय पर उपलब्ध करानें, टीकाकरण केन्द्रों में प्रकाश व्यवस्था टीकाकरण केन्द्रों एवं आस-पास पहुंच मार्गो, संपूर्ण नगर की विशेष साफ-सफाई , धूल सफाई यथा आवष्यकता चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव, सेनिटाईजेशन,आवारा जानवरों के नियंत्रण का दायित्व संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को सौपा गया है। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए टीकाकरण केन्द्रों में टेंट, शामियाना, कुर्सी, माईक, बड़े चौराहों एवं आदर्ष केन्द्रों के आस-पास साउंड सिस्टम के माध्यम से मुनादी की व्यवस्थाओं , पहुंच मार्ग के गढडों की मरम्मत/सुधार कार्य कराना, एन.जी.ओ. के पदाधिकारियों से संपर्क कर टीकाकरण केन्द्रों में प्रेरक के रुप में उनका सहयोग लेने, सभी टीकाकरण केन्द्रों में संकल्प पत्र की प्रति उपलब्ध कराना तथा टीकाकरण केन्द्रों में वैक्सीन कम पड़ने पर यथासमय अन्य केन्द्रों से उपलब्ध कराने की कार्यवाही करनें, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, समाचार पत्र के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करानें कार्यक्रम की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करानें, पांच ऑटो-रिक्षा एवं कचरा वाहनों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार, ऑटो-रिक्षा, अतिक्रमण वाहन के माध्यम से संपूर्ण नगर में मुनादी कराना एवं उक्त वाहनों से दिव्यांगों को टीकाकरण केन्द्र में पहुंचाने का दायित्व निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचकारियों को सौपं जाकर व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये है।



# लेट फीस वसूली मामले ने तूल पकड़ा

### अभिभावक जन कल्याण संघ ने डीईओ से की कार्यवाही की मांग

**कटनी।** निंजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से ट्यूशन फीस के साथ लेट फीस वसूल किए जाने का मामला गर्माता जा रहा है। अभिभावक जन कल्याण संघ द्वारा अभिभावकों से जुड़े इस मुद्दे को लेकर जिला अधिकारी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर कहा गया है कि यदि अभिभावकों का शोषण जारी रहा तो संघ जल्द ही माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जाएगा। अभिभावक जनकल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रुपेश पहारिया भारतीय एवं स्टुडेंट विंग के प्रदेश अध्यक्ष गौरव संजीव सूरी भारतीय ने डीईओ को गर्व से कहो हम भारतीय है शील्ड भेंट करते हुए इस मुहिम के बारे मे जानकारी दी अभिभावकों के हित में एक ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा राज्य सरकार एवं न्यायालय के निर्देशों के विपरीत अभिभावकों से लेट फीस वसूल की जा रही है। जिससे अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। इस कठिन दौर में विपरीत परिस्थितियों में अभिभावक जहां अपनी जीविका उपार्जन के लिए संघर्ष कर रहा है, तो वहीं निजी स्कूल किसी तरह के आदेश को मानने के लिए तैयार नहीं है। मनमर्जी से लेट फीस वसूल की जा रही है। संघ की एक सूत्रीय मांग है कि स्कूलों द्वारा की जा रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाते हुए अभिभावकों से वसूल की गई लेट फीस तत्काल लौटाई जाए और ट्यूशन फीस की जांच की जाए। इसके अलावा स्कूल के ऑफिस स्टाफ और सिक्यूरिटी गार्ड द्वारा अभिभावकों से दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसे संज्ञान में लेते हुये त्वरित कार्यवाही जाए। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं विधायक संदीप जायसवाल को भी भेजी गई है।



# मोहर्रम के लिए कर्बला मार्ग की मरम्मत

### अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट ने जताया प्रशासन का आभार

**कटनी।** मोहर्रम के दौरान धाऊ चक्की कर्बला मार्ग पर स्थित शहर के प्रमुख कब्रिस्तान की मरम्मत के लिए अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी एवं मोहर्रम इंतजामिया कमेटी ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं विद्युत मंडल सहित एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर के प्रति आभार व्यक्त किया है। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी से जुड़े मोहम्मद अकील सिद्दीकी ने बताया कि धाऊ चक्की कर्बला मार्ग पर रेलवे ग्रेड सेपरेटर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। ब्रिज निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी मशीनों का उपयोग किया जा रहा था। जिससे इस मार्ग पर आवागमन बेहद कष्टप्रद हो गया था। यह मार्ग कई जगह क्षतिग्रस्त स्थिति हो गया था। इसी दौरान मोहर्रम के चलते 20 अगस्त को ताजियों का विसर्जन किया जाना था। जिसको लेकर शांति समिति की बैठक में मुस्लिम समाज की ओर से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से कर्बला मार्ग की मरम्मत को लेकर ध्यान आकर्षित कराया गया। कलेक्टर के निर्देश पर कमिश्नर सत्येंद्र सिंह धाकड़े, डिप्टी कमिश्नर परवेज अशफाक ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए कर्बला मार्ग पर गिट्टी एवं डस्ट डालकर मार्ग को लेबल कर इसे चलने लायक बेहतर बनाया। रेलवे ब्रिज के निर्माण कार्य में संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर मदन ने भी इस रोड में डस्ट डालकर सहयोग प्रदान किया। जिस पर अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी एवं मोहर्रम इंतजामिया कमेटी ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मयंक अवस्थी, एसडीएम बलवीर रमण, सीएसपी शशिकांत शुक्ला, तहसीलदार मुनव्वर खान, संदीप श्रीवास्तव, कोतवाली टीआई अजय सिंह, माधवनगर टीआई विजय विश्वकर्मा, एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर मदन, प्रियंका मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया है।




## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज शाखा ) जिला कटनी ( मप्र )

**E-mail ID:-modgmkat@mp.gov.in**

क्रमांक / खनिज/उ.प./2021,4344 कटनी, दिनांक

//सूचना//

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 –क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/श्रीमती मेसर्स लक्ष्य माइन्स एण्ड मिनरल्स, पार्टनर श्री मंयक अग्रवाल, वार्ड नंबर–14 राजीव गाधी वार्ड, कन्हैया हास्पिटल के पास,माई नदी बरही रोड कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 20.07.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | भगनवारा | 199/1 | 2.260 | भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | डोलोमाइट | |
| | | | 199/2/2 | 1.410 | | | |
| | | योग– | | 3.670 हे0 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई ापत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने ी तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का ख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

02/8/2021

प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा)
जिला कटनी म.प्र.

जी–16049/21



## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज शाखा ) जिला कटनी ( मप्र )

पत्र क्रमांक 4494/खनिज/2021 कटनी, दिनांक 12/8/2021

**मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए**

### प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता हे कि आवेदक मेसर्स /श्री/अभिषेक शर्मा निवासी सिल्वर टाकीज रोड हनुमानगंज जिला कटनी (नाम एवं पता ) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र का आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10/03/2021 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुाप्ति आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | बड़वारा | माल्हन | 152 | 5.64 | शासकीय भूमि | मार्बल | |
| | | | 155 | 1.00 | निजि भूमि | | |
| | | | 156 | 0.88 | निजी भूमि | | |
| | | | 157 | 3.60 | शासकीय भूमि | | |
| | | | 159 | 1.00 | निजि भूमि | | |
| | | | 160 | 1.00 | निजि भूमि | | |
| | | | कुल रकवा | 13.04 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन पत्र में कुल रकवा 13.04 हे. में से आवेदित क्षेत्र 8.00 हे. के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यलयीन समय सायं 5.30 बजे तक) आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्रापत होते है तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाति की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा)
जिला कटनी

जी–16034/21

# महाकोशल मेरे दिल में, विकास में नहीं होगी कोई कमी

**महाकोशल मेरे दिल के सबसे करीब रहा है। विद्यार्थी परिषद के दौरान यहां के लोगों का मुझे अभूतपूर्व सहयोग मिला, इसलिए मेरी नैतिक जिम्मेदारी है कि, केंद्रीय नेतृत्व और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जबलपुर के विकास में कोई कमी न रह पाए। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में कहीं। श्री शर्मा ने इस दौरान संगठन के विस्तार और आगामी चुनावों पर अपनी कार्ययोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की**

यश भारत PRIME TIME WITH ASHISH SHUKLA

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

### महाकोशल से बहुत कुछ सीखा

महाकोशल से विशेष लगाव के संबंध में जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जबलपुर मेरी कर्म भूमि रही है और छात्र राजनीति का यह बड़ा केंद्र रहा। इस शहर में सक्रियता अत्यधिक है। मैंने लगातार विद्यार्थी परिषद के रूप में यहां काम किया, जिसके चलते लोगों से व्यक्तिगत संबंध भी मेरे बने, वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष होते हुए जबलपुर की स्मृतियां आज भी मेरे जेहन में हैं यही वजह है कि जबलपुर के लिए मेरा लगाव आज भी कम नहीं हुआ।

### मिलकर करेंगे महाकोशल का विकास

महाकोशल के विकास कार्यों को लेकर जब प्रदेश अध्यक्ष से बात की तो उनका कहना था कि क्योंकी उनका संसदीय क्षेत्र भी है और प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उनका दायित्व है कि सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर महाकोशल के विकास के लिए कार्य योजना बनाते हुए उसे क्रियान्वित कर शहर को एक नया आयाम दे।

### नगर निगम और पंचायत चुनाव में क्या होगी भूमिका

श्री वीडी शर्मा से आने वाले चुनाव को लेकर जब तैयारियों के विषय में पूछा गया तो उनका कहना था कि वर्तमान में चुनावों पर इलेक्शन कमीशन ने रोक लगा रखी है और जैसे ही इलेक्शन कमीशन चुनाव की डिक्लेरेशनऔर क्लीयरेंस देगा तो पार्टी के सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में लग जाएंगे, लेकिन फिलहाल कोविड-19 संकट के चलते चुनाव स्थगित हैं।



प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से चर्चा

### कार्यकर्ता के बल पर लड़ते हैं और जीतते हैं

भारतीय जनता पार्टी जमीन से जुड़े कार्यकर्ता प्रधान दल है और लगातार पार्टी का सदस्य आम जनता से जुड़ा हुआ रहता है। वही संगठन की तैयारियां भी निरंतर चलती रहती हैं। इसलिएआने वाले चुनावों में हमें अलग से तैयारियों की आवश्यकता नहीं है। भाजपा संगठन सदैव चुनाव प्रक्रिया के लिए पूरी तरह तैयार है।

### उपचुनाव में फहराएंगे जीत का परचम

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी होने वाले उपचुनावों में पार्टी की जीत का दावा करते हुए कहा कि, आने वाले सभी चुनावों में पार्टी अपनी जीत का पताका फहराएसी। भाजपा का संगठन अत्यंत मजबूत है और हम लोगों में ,भाजपा के किए विकास कार्यों को लेकर एक सकारात्मक माहौल है। जिसके बल पर कह सकते हैं की पार्टी आने वाले चुनाव में जीत का झंडा गाडेगी।

### केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा प्रत्याशी

आगामी उपचुनाव पर प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कहते हैं कि, प्रत्याशियों का चयन पार्टी केंद्रीय नेतृत्व जिसमें पार्लियामेंट बोर्ड है, वह तय करेगा। हमारा काम है कि हम केंद्र और राज्य की गरीब कल्याण योजनाओं को लोगों तक पहुंचाए, जिसमें हम सफल भी हुए है। भाजपा सरकार के पक्ष में आम लोगों कि राय सकारात्मक है जो सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित है और इन्हीं उपलब्धियों को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

### भविष्य की राह पर संगठन

भाजपा के विभिन्न पदों पर युवाओं की बढ़ती भूमिका के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा कहते हैं कि, संगठन की यह प्रक्रिया है और भाजपा में विचार और मंथन निरंतर चलता है, सबका साथ सबका विकास का नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। आज के परिवेश में क्या जरूरत है, उसके अनुरूप भाजपा सामूहिकता के आधार पर सोचती है, मंथन करती है और उसके अनुसार चीजें तय होती हैं। इसलिए संगठन में आज क्या होगा, क्या होना चाहिए ,कहां क्या जरूरत है, इन सारे मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व सामूहिकता के आधार पर सोचता है।

### सभी कराएं वैक्सीनेशन

श्री शर्मा ने यश भारत के पाठकों के माध्यम से आम लोगों से अपील की है कि, कोरोना महामारी के बचाव का सबसे आसान तरीका वैक्सीनेशन है और मध्य प्रदेश सरकार लगातार इस प्रयास में है कि लोगों को इस महामारी से बचाया जा सके, जिसमें प्रशासन के साथ-साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी समन्वय बता बनाते हुए लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि देश भर में मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन को लेकर रिकॉर्ड बनाया है।

# टीकर के लोगों को मिली पीने के पानी की सुविधा



**1 करोड़ 14 लाख की लागत से प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा एवं विधायक संजय पाठक ने किया नलजल योजना का लोकार्पण**

कटनी। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीकर गांव के निवासियों को अब पीने के पानी को लेकर भटकना नहीं पड़ेगा। बुधवार को जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के साथ पूजन कर टीकर गांव में एक करोड़ 14 लाख 25 हजार रूपये की लागत से निर्मित नलजल योजना का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक श्री पाठक के प्रयासों से ग्राम टीकर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने पेयजल आपूर्ति के लिए गांव में नलजल योजना के तहत टंकी का निर्माण व पाइप लाइन विस्तारीकरण का कार्य कराया है। 20 हजार लीटर की क्षमता की योजना के शुरू होने से ग्रामीणों को अब हैंडपंपों व कुओं के सहारे प्यास बुझाने की जरूरत नहीं होगी।





इस दौरान प्रधान जिला पंचायत ममता रंगलाल पटेल, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ प्रधान गंगाराम चौधरी, उदयराज सिंह सहित अन्य जन मौजूद थे। नलजल योजना के शुभारंभ के अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने स्थानीय जनों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शुद्ध पेयजल की जरूरत सबसे अधिक होती है और सरकार को आपकी चिंता है, जिसके चलते आज टीकर में लोगों को सवा करोड़ की लागत की योजना का लाभ मिला है।

उन्होंने टीकाकरण महाअभियान को लेकर कहा कि कोविड से बचने का कोई उपाय है तो वह है टीकाकरण। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आप सभी सुनिश्चित कर लें कि हमारे घर मेंए गांव में सभी लोगों को टीका लगा है कि नहीं, यदि किसी ने टीका नहीं लगवाया है तो उसके केन्द्र भेजकर वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। एसडीएम, पीएचई के इंजीनियर श्री कोरी, सहयंत्री पी के पयासी, सहित अधिकारियों द्वरा मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इससे पहले पूर्व मत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा का आभार व्यक्त किया। श्री पाठक ने कहा कि वैक्सीन को लेकर किसी भी प्रकार के भ्रम न पड़ें। कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है और उससे बचने का एक ही साधन है, वह है वैक्सीन के दोनों डोज। विधायक श्री पाठक ने कहा कि पेयजल योजना के शुरू होने से लोगों की परेशानी कम होगी और टंकी के माध्यम से 498 घरों तक पानी पहुंचेगा। प्रभारी मंत्री व विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनका निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में एसडीएम सुश्री प्रिया चंद्रावत, एसडीओपी सुश्री शिखा सोनी, तहसीलदार जितेन्द्र पटेल, सीईओ राकेश शुक्ला, थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, मनीष देव मिश्रा, जेवन सिंह चौहान, नवाब खान, श्रीलाल पांडे, पत्रकार जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, आरिफ खान, आशुतोष सराफ, शिवदत्त उरमलिया, रमेश जायसवाल, सहायक यंत्री पी के पयासी, उपयंत्री डी के इनवॉती, अजय कुमार दुबे, राकेश पांडे, अनिल शर्मा, हरीश दुबे, संत कुमार विश्वकर्मा, गब्बू गुप्ता, दीपक कछवाह, शिवकुमार गौतम, देवेंद्र मिश्रा, पंकज गौतम, रोजगार सहायक संघ के जिलाध्यक्ष शिव मोहन सिंह बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष विकास दत्त मिश्रा सहित क्षेत्र भर के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल मिश्रा द्वारा किया गया।

## एक और प्रौढ़ के हाथ से मोबाइल छीनकर भागा बदमाश

**शहर में नहीं थम रहीं वारदातें**

**कटनी।** शहर में प्रौढ़ व वृद्ध राहगीरों के साथ लूटपॉट की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी गतदिवस कुठला थाना क्षेत्र की बस स्टेण्ड पुलिस चौकी के अंतर्गत कटनी नदी पुल के समीप वृद्ध राहगीर से मोबाइल फोन छीनकर भागे बदमाश का पुलिस सुराग भी नहीं लगा पाई थी कि इसीतरह की दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र में घटित हो गई। जिसमें प्रेमनगर पीएम आवास निवासी 52 वर्षीय हरिओम पिता रामजीत्रिपाठी के हाथ से भी अज्ञात बदमाश मोबाइल छीनकर भाग गए। घटना 24 अगस्त की रात 9 बजे के लगभग भूतपूर्व सैनिक कल्याण केन्द्र के सामने उस समय घटित हुई। जब वो शहर से वापस घर जा रहे थे। उसीदौरान अज्ञात बदमाश उनके मोबाइल से लगभग साढ़े 16 हजार रूपए कीमती मोबाइल फोन छीनकर भाग गया। पुलिस अज्ञात बदमाश के विरूद्ध लूट का मामला धारा 392 के तहत दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। गौरतलब है कि इसके पूर्व दुबे कालोनी निवासी 62 वर्षीय वृद्ध सुरेश कुमार अग्रवाल कटनी नदी पुल के समीप इसी तरह की वारदात का शिकार हो गए थे। अज्ञात बदमाश उनके हाथ से 12 हजार रूपए कीमती मोबाइल बलपूर्वक छीनकर भाग गया था।


## अवैध रेत से भरे दो ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

### भदार नदी घाट में बरही पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** बरही पुलिस ने भदार नदी घाट से अवैध रेत लोड कर उसका परिवहन करते दो ट्रेक्टर-ट्राली को जप्त कर थाने में खड़ा कराया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक गतदिवस सूचना मिली की ग्राम हीरापुर के भदार नदी घाट से दो ट्रेक्टर ट्राली में अवैध रेत लोड कर बरही की ओर लाई जा रही है। जिसके बाद सूचना की तस्दीक करने पुलिस हीरापुर मेन रोड पर पहुंचकर वाहनों की जांच शुरू की तो पारधी मोहल्ले में पावर ट्रेक कंपनी के दो रेत लोड ट्रेक्टर-ट्राली चालक छोड़कर भाग गए। जिन्हे जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया। मौके से फरार हुए अज्ञात चालकों के विरूद्ध धारा 379 व खनिज अधिनियम की धारा 4,21 के तहत कार्रवाई की गई है तथा उनकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक व्यास प्रसाद गुप्ता, अजय पाठक व आरक्षक सौरभ पटेल की भूमिका रही।




**नीरज सिनेप्लेक्स में**




शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से

**बेल बॉटम**

कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



## तमिलनाडू की तर्ज पर जिले में लागू होगी विजन जीरो योजना

**कटनी।** सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए विगत दिवस प्रदेश में परिवहन विभाग के द्वारा विजन जीरो मध्य प्रदेश को लागू कर दिया गया है। कटनी परिवहन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उपाय बताए गए। इस दौरान परिवहन कार्यालय में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रमा दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शुभारंभ राजस्व व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के द्वारा किया गया।





**सिटी मॉल बरही रोड में**




शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

**BELL BOTTOM**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

**सिटी मॉल बरही रोड में**




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 27 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती,अन्नू कपूर आदि।

**चेहरे**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)